# विश्वास ज़रूरी है | by Arvind Sahal

चल भगता हुण श्याम दे चलिए, साड्डा दूजा ना होर ठिकाना
जग सारा हुण रैन बसेरा अज्ज रुकना फिर टुर जाणा

तेरा साथ निभाएगा विश्वास ज़रूरी है
तेरी बिगड़ी बनाएगा विश्वास ज़रूरी है

जिस दिन भी तू सच्चे मन से इसका हो जायेगा
उस दिन से तू हर पल इसको अपने संग पायेगा
तेरे संग संग चलेगा ये आभास ज़रूरी है

होके मगन तू जब भी इसके भजनो को गायेगा
गर हो भरोसा पक्का तेरे सामने आ जायेगा
प्यास नैनो की बुझायेगा पर प्यास ज़रूरी है

श्याम नाम की मस्ती में तू अरविन्द अब तो खो जा
छोड़ के चिंता और फिकर तू गोद में इसकी सजा
हाथ सर पे फिरायेगा एहसास ज़रूरी है
तेरी बिगड़ी बनाएगा विश्वास ज़रूरी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-arvind-sahal/